आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 14.06.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- सरकार ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना की जांच के लिए उच्च स्तरीय बहुपक्षीय समिति गठित की।
- भारतीय सैन्य अकादमी में पासिंग आउट परेड के बाद 419 जांबाज अधिकारी भारतीय सेना का हिस्सा बन गए।
- संस्कृत शिक्षा, सचिव दीपक कुमार गैरोला ने कहा – शीघ्र ही प्रदेश में 13 संस्कृत ग्रामों का शुभारंभ किया जाएगा।
- मौसम विभाग ने आज बागेश्वर और रुद्रप्रयाग जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया।

<u>दुर्घटना जांच</u>

सरकार ने एक उच्चस्तरीय बहुपक्षीय समिति गठित की है, जो बृहस्पतिवार को अहमदाबाद से लंदन जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई–171 के दुर्घटना के कारणों की जांच करेगी। नागर विमानन मंत्रालय ने कहा कि यह समिति मौजूदा मानक संचालन प्रक्रिया और ऐसी घटनाओं को रोकने तथा निपटने के लिए जारी दिशा–निर्देशों की जांच करेगी। समिति, भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं से निपटने के लिए व्यापक दिशा–निर्देश का सुझाव भी देगी।

<u>आईएमए पीओपी</u>

देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी– आईएमए में गहन प्रशिक्षण लेने वाले 451 जांबाज कैडेट आज पास आउट हो गए। अंतिम पग पार करते ही 419 जांबाज अधिकारी भारतीय सेना का हिस्सा बन गए। इसके साथ ही 32 विदेशी कैडेट भी पास आउट हुए। समारोह के मुख्य अतिथि श्रीलंका सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल बी.के.जी.एम लसंथा रोड्रिगो ने बतौर रिव्यूइंग ऑफिसर परेड की सलामी ली। आईएमए के चेटवुड बिल्डिंग के ड्रिल स्क्वॉयर में आज सुबह आर्मी बैंड की धुन पर एडवांस कॉल के साथ ही छाती ताने देश के भावी कर्णधार हौसले के साथ कदम बढ़ाते परेड के लिए पहुंचे। एक साथ उठते कदम और गर्व से तने सीने दर्शक दीर्घा में बैठे हर एक शख्स के भीतर ऊर्जा का संचार कर रहे थे। कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल बी.के.जी.एम लसंथा रोड्रिगो ने पास आउट कैडेटों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कैडेटों को ओवरऑल बेस्ट परफॉर्मेंस व अन्य उत्कृष्ट सम्मान से नवाजा। इस मौके पर सेना के हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। इस दौरान दून पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे।

भारत निर्वाचन आयोग

भारत निर्वाचन आयोग की ओर से चमोली तहसील में आयोग के अवर सचिव दिलीप महतो की अध्यक्षता में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अवर सचिव ने बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजरों को आगामी निर्वाचन कार्यों को लेकर प्रशिक्षण दिया। इस दौरान मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने, संशोधन, दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा और ई–पंजीकरण जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। श्री महतो ने मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने और घर–घर जाकर सत्यापन कार्य में कोताही न बरतने के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए क्षेत्रीय कर्मचारियों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग का उद्देश्य है कि हर योग्य नागरिक का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित हो और कोई पात्र मतदाता वंचित न रहे। इस दिशा में बीएलओ की सक्रिय भूमिका आवश्यक है। इस दौरान आयोग के आठ सदस्यीय दल ने मतदेय स्थलों पर मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का जायजा भी लिया और संबंधित विभागों को आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।

दिशा बैठक चम्पावत

केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा है कि केंद्र की योजनाओं का क्रियान्वयन मिशन मोड के तहत किया जाए, ताकि उनके मूल्यांकन की आवश्यकता न हो। श्री टम्टा ने चम्पावत में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति– दिशा की बैठक की अध्यक्षता करते हुए केंद्र पोषित योजनाओं और विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने मनरेगा के तहत किए जा रहे कार्यों के प्रभावी मूल्यांकन किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। इसके अलावा उन्होंने जनहित से जुड़ी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।
बैठक से पूर्व श्री टम्टा ने सभी अधिकारियों के साथ अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा।

संस्कृत ग्राम

संस्कृत शिक्षा, सचिव दीपक कुमार गैरोला ने कहा है कि संस्कृत के उत्थान के लिए अनुमोदित विभिन्न संस्कृत योजनाएं पूरे प्रदेश में गतिमान हैं। शीघ्र ही 13 संस्कृत ग्रामों का शुभारंभ किया जाएगा। सचिवालय में उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित संस्कृत संभाषण शिविर के समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सचिव ने ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में प्रदेश की द्वितीय राजभाषा संस्कृत के उत्थान के लिए कार्य किया जा रहा है। इसी के तहत संस्कृत अकादमी, संस्कृत शिक्षा निदेशालय, संस्कृत शिक्षा परिषद् और संस्कृत विश्वविद्यालय अपने–अपने स्तर पर संस्कृत के प्रचार–प्रसार के लिए सक्रिय हैं।

इस मौके पर संस्कृत शिक्षा निदेशालय के निदेशक डॉ आनंद भारद्वाज ने कहा कि शिक्षा नीति–2020 के अनुसार भारतीय ज्ञान परम्परा पर ग्राम्य स्तर से लेकर प्रादेशिक स्तर तक विभिन्न योजनाओं पर कार्य चल रहा है।

उन्होंने कहा कि आधुनिक विज्ञान द्वारा संपादित कई महत्त्वपूर्ण शोध पहले से ही हमारे संस्कृत साहित्य में उल्लिखित हैं, जो अब प्रमाणित हो रहे हैं।

मौसम

मौसम विभाग ने आज बागेश्वर और रुद्रप्रयाग जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही राज्य के पर्वतीय जिलों में कहीं–कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने, वर्षा के तीव्र से अति तीव्र दौर और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने की भी चेतावनी दी है। विभाग ने देहरादून, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर, पिथौरागढ़, अल्मोड़ा, नैनीताल और चम्पावत जिलों के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है।

योग सत्र पौड़ी

पौड़ी जिले के वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली राजकीय मेडिकल कॉलेज, श्रीनगर में आज ''नशा मुक्त भारत अभियान'' के अंतर्गत छात्र–छात्राओं के लिए योग सत्र व जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाज कल्याण विभाग और जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में योग अनुदेशक डॉ. विपुल प्रकाश और सुनीता चौहान ने छात्र–छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरुक किया। साथ ही नियमित योग अभ्यास को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। इस दौरान युवाओं को नशे से दूर रहने, मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने और योग के प्रति सजग करने की दिशा में जागरूक किया गया। इस अवसर पर छात्र–छात्राओं की काउंसलिंग भी की गयी, जिससे वे नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर हो सकें।

बैठक चमोली

चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में अवैध खनन निरोधक दल की बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान जिलाधिकारी ने जिले में अवैध खनन पर प्रभावी रोकथाम के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अवैध खनन को लेकर 1 अप्रैल 2023 से 31 दिसंबर 2024 तक के सभी अवैध खनन के मामलों में जारी कारण बताओ नोटिस का जवाब न देने पर नोटिस जारी कर तीन दिनों में जवाब मांगने के निर्देश दिए। साथ ही जवाब न देने वाले के विरुद्ध कारवाई कर आरसी काटने को भी कहा। उन्होंने जिले के सभी उपजिलाधिकारियों को अपने–अपने क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन को लेकर नियमित निरीक्षण करने और दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई के भी निर्देश दिए।

<u>मगरमच्छ हमला</u>

हरिद्वार जिले की लक्सर तहसील के डूंगरपुर गांव में आज सुबह एक ग्रामीण पर तालाब से निकले मगरमच्छ ने अचानक हमला कर दिया। हमले में ग्रामीण का एक हाथ बुरी तरह जख्मी हो गया है। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद 108 एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल रैफर किया गया, जहां उसका इलाज जारी है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है जब तालाब में मगरमच्छ दिखाई दिया हो। पहले भी इसी तालाब से मगरमच्छ पकड़े जा चुके हैं। उन्होंने जिला प्रशासन और वन विभाग से तालाब की साफ–सफाई कराने और मगरमच्छों को पकड़कर किसी सुरक्षित स्थान पर ले जाने की मांग की है।